प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः– 11 /तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक 06 अप्रैल, 2022

**विषयः– गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। इसी क्रम में वन विभाग के दल से दिनांक 25.03.2022 एवं दिनांक 26.03.2022 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

उक्त निरीक्षण दल/क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी की संलग्न दिनांक 27.03.2022 की स्थलीय निरीक्षण आख्या के द्वारा अवगत कराया गया है कि भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं है, नदी अपने पुराने बहान में बह रही है, नदी के वहान में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं है न किसी प्रकार की अन्य नई गतिविधि क्षेत्र में पाई गयी है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

<u>संलग्न–यथोपरि</u>

भवदीय,

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः–</u> अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner

सेवा में

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

विषय — गोमुख भ्रमण

महोदय,

निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत मेरे नेतृत्व में दि० 25-3-2022 तथा 26-3-2022 को एक टीम भोजवासा–गोमुख भ्रमण पर गई थी भ्रमण के दौरान देखने में आया कि गोमुख क्षेत्र मे किसी प्रकार की कोई हलचल नही है नदी अपने पुराने बहाव मे बह रही है, नदी के बहाव मे किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नही है, न ही किसी प्रकार की कोई गतिविधियाँ क्षेत्र मे पाई गई है।

अतः महोदय को रिपोर्ट प्रेषित,

दि० 27/3/2022

भवदीय
[signature] R.O. 27/3/2022
वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी